तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

11 कंजक पूजन के साथ नवरात्र उत्सव संपन्न



12 अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में डॉ. अनु का उत्कृष्ट प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### पंजाब में नौकरी करने गया युवक लापता

**गन्नौर।** बेगा निवासी एक युवक के लापता होने पर उसकी पत्नी ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेगा निवासी खुशबू पत्नी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब 10 साल पहले प्रवीन पुत्र तेजपाल के साथ हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। उसका पति निजी कंपनी में काम करता था। 5 फरवरी 2026 को उसका पति पंजाब में नौकरी करने की बात कहकर घर से गया था। शुरुआत में 3-4 दिन तक फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उसने खुद को पंजाब में बताया, लेकिन सही स्थान की जानकारी नहीं दी। इसके बाद से उसका फोन बंद है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करने दुकान में घुसा, रंगे हाथ गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने दुकान में चोरी की कोशिश करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान ध्रुव उर्फ धीरू निवासी सुंदर सावरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 26 मार्च 2026 को सेक्टर-23 निवासी सचिन ने शिकायत दी थी कि उसकी कन्फेक्शनरी दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। सुबह दुकान खोलने पर आरोपी अंदर ही मिला। पूछताछ में उसने अन्य दुकानों में भी चोरी करने की बात कबूली।

### गढ़ी झझारा से भैंस चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव गढ़ी झझारा में भैंस चोरी के आरोप में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव के सुखवीर ने बताया कि उनके घर में इन दिनों चिनाई का कार्य चल रहा है। 26 मार्च की शाम को अपनी भैंस को घर के पास स्थित पुरानी गौशाला में बांधकर गेट पर ताला लगा दिया था। सुबह करीब 4 बजे जब वह भैंस का दूध निकालने के लिए मौके पर पहुंचे तो गौशाला के गेट का ताला टूटा हुआ मिला और भैंस वहां से गायब थी।

### अवैध पिस्तौल व कारतसू सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गोविंद उर्फ ढिल्लू निवासी गांव गोपालपुर के रूप में हुई है। पुलिस को 26 मार्च को सूचना मिली थी कि आरोपित केएमपी फ्लाईओवर के पास अवैध पिस्तौल लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 32 बोर की देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी लाइसेंस पेश नहीं कर सका। इस पर थाना खरखौदा में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रोहित निवासी गांव कुमासपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2026 को पीड़िता के पति ने शिकायत दी थी कि आरोपी ने उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान महिला सहायक उप निरीक्षक सोनिया ने पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज करवाए और काउंसलिंग करवाई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

## रोहतक रोड पर एक रात में सात दुकानों के ताले टूटे, नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ थाना सिटी के पास वारदात से व्यापारियों में दहशत, गश्त बढ़ाने की मांग

- चोरों ने दवाई, किरयाना, सब्जी व अन्य दुकानों को निशाना बनाया
- जीसंस मेडिकोज की दुकान से हजारों की नकदी चोरी
- सोनू सब्जी वाले और सिटी फार्मेसी के ताले भी तोड़े गए
- मिर्च मंडी के सामने मंगलसेन किरयाना स्टोर और शिव सब्जी भंडार के ताले भी टूटे, पर चोर सामान नहीं ले जा सके

रोहतक रोड स्थित बाजार क्षेत्र में वीरवार रात अज्ञात चोरों ने सात दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। चोरों ने दवाई, किरयाना, सब्जी व अन्य दुकानों को निशाना बनाया। जीसंस मेडिकोज के मालिक जितेंद्र अग्रवाल के अनुसार उनकी दुकान से नकदी चोरी कर ली गई, जबकि पास की सोनू सब्जी वाले और सिटी फार्मेसी के ताले भी तोड़े गए, लेकिन वहां से कुछ नहीं ले जाया गया।

मिर्च मंडी के सामने मंगलसेन किरयाना स्टोर और शिव सब्जी भंडार के ताले भी टूटे, पर चोर सामान नहीं ले जा सके। वहीं गर्ग कन्फेक्शनरी स्टोर से 25-30 हजार रुपये नकद और सिगरेट चोरी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।



सोनीपत। चोरी की घटनाओं की जानकारी लेते हुए निवर्तमान मेयर राजीव जैन।

### व्यापारी बोले, चोरों के हौसले बुलंद

सूचना मिलने पर निवर्तमान मेयर राजीव जैन सुबह दुकानों पर पहुंचे और घटनाओं की जानकारी ली। व्यापारियों ने घटनाओं पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी दुकानें थाना सिटी शहर के बिलकुल नजदीक है, फिर भी चोरों के हौसले बुलंद हैं। व्यापारियों ने रात को पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। राजीव जैन ने पुलिस कार्रवाई एवं गश्त बढ़वाने का आश्वासन दिया।

## दुकान में तोड़फोड़ और आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने दुकान के बाहर आग लगाने और तोड़फोड़ करने के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रोहित उर्फ बच्ची निवासी गांव झटीपुर जिला पानीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 13 मार्च 2026 को सैनीपुरा निवासी प्रिंस ने शिकायत दी थी कि कुछ युवकों ने उसकी दुकान पर गाली-गलौज कर धमकी दी और रात में आकर आगजनी व तोड़फोड़ की। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हुई थी। मामले में पहले दीपक नामक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका था। अब पुलिस ने दूसरे आरोपित को भी काबू कर अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



- मामले में एक आरोपी पहले ही हो चुका गिरफ्तार
- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, कोर्ट ने जेल भेजा

# 591 स्कूलों में से सिर्फ 95 ने भरा फार्म-6 फीस बढ़ाई तो कार्रवाई करेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ निजी स्कूलों के लिए 31 तक फार्म जमा करवाना अनिवार्य, 10 प्रतिशत फीस बढ़ाने का नियम

- नियमों की अनदेखी करने वालों स्कूलों पर शिक्षा विभाग सख्त
- मोटी फीस वसूलने वाले संस्थानों पर पैनी नजर

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दाखिलों की तैयारी में जुटे जिलाभर के निजी स्कूलों के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशालय की सख्त हिदायत है कि प्रदेशभर के सभी निजी स्कूलों को एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से 31 मार्च तक फार्म-6 जमा करवाना अनिवार्य रहेगा। अन्यथा निजी स्कूल संचालक अपने स्कूलों में फीस की बढ़ोतरी नहीं कर सकेंगे। निदेशालय के निर्देश के बावजूद अब तक जिले में केवल 95 निजी स्कूलों ने ही पोर्टल पर फार्म-6 जमा करवाया है।

### स्कूल फीस बढ़ाने की तैयारी

अधिकतर स्कूल संचालक मामले में लापरवाही बरत रहे हैं, जबकि 1 अप्रैल से मोटी फीस के नाम पर अभिभावकों की जेब काटने का खेल शुरू हो जाएगा। सोनीपत में करीब 591 निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। हर वर्ष नए शैक्षणिक सत्र के दौरान अधिकतर निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी कर अभिभावकों की जेबों पर आर्थिक बोझ डाला दिया जाता है। सिलसिला यही खत्म होने के नाम नहीं लेता, फीस के अलावा बच्चों की सुविधा के लिए परिवहन, हॉस्टल, खाना व शैक्षणिक भ्रमण जैसी सुविधाओं पर भी अलग से वसूली की जाती है।

### निदेशालय की तैयारी

ऐसे में निदेशालय ने अभिभावकों के बचाव को लेकर फार्म-6 भरने का रास्ता निकाला है, ताकि बढ़ाई गई फीस व अन्य सुविधा खर्च को उजागर किया जा सके। इसी के तहत निदेशालय ने प्रदेश के करीब 11 हजार, तो सोनीपत के करीब 591 निजी स्कूलों को फार्म-6 भरने के निर्देश दिए है।

सभी स्कूल संचालक केवल 31 मार्च तक फार्म-6 ऑनलाइन माध्यम से भर सकते हैं, तभी वह केवल 10 प्रतिशत तक फीस फीस बढ़ाने के हकदार होंगे। अगर बिना अनुमति फीस बढ़ाई तो स्कूलों पर शिक्षा विभाग कार्रवाई करेगा।




सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

### फार्म ऑनलाइन पोर्टल पर ही होंगे मान्य

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार सभी निजी स्कूल केवल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही फार्म-6 की अर्जी लिंक के माध्यम से डाउनलोड करके भरनी होगी। स्कूलों को इसे अपने पुराने एमआईएस यूजर नेम व पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करना होगा। स्कूल केवल पंजीकरण, दाखिला, बोर्ड परीक्षा व फार्म में घोषित समग्र फीस ही ले सकेंगे। अन्य सुविधाओं के लिए फीस केवल उन्हीं छात्रों से ली जाएगी, जो इन सेवाओं का विकल्प चुनेंगे। फार्म-6 नहीं भरने वाले मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए फीस बढ़ाने का अधिकार नहीं रहेगा।

### फार्म न भरने पर स्कूल का एमआईएस पोर्टल बंद कर देंगे

विद्यालय शिक्षा निर्देशालय ने मान्यता प्राप्त सभी निजी स्कूलों के लिए आदेश जारी किए हैं। नए शैक्षणिक सत्र में सभी स्कूलों को फार्म-6 ऑनलाइन भरना अनिवार्य है। यदि कोई स्कूल फार्म-6 भरने में विफल होता है, तो संबंधित स्कूल का एमआईएस पोर्टल तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में साथ ही वह नए सत्र में फीस बढ़ोतरी नहीं कर सकेंगे। अगर किसी स्कूल ने फार्म-6 में भरी जाने वाली फीस से अधिक फीस विद्यार्थियों से वसूली, तो शिक्षा विभाग की ओर से उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

-नवीन गुलिया
जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### फार्म में स्कूल का कोड व क्लास वाइज फीस का ब्योरा देना जरूरी

शिक्षा अधिकारियों के अनुसार फार्म-6 में स्कूल के मुखिया का नाम, फोन नंबर, ई-मेल आईडी, स्कूल का पिन कोड, प्रबंधन समिति या ट्रस्ट का नाम भरना जरूरी है। स्कूल की मान्यता की कॉपी भी लगाना आवश्यक है। इसके अलावा स्कूल की कक्षा अनुसार फीस से लेकर विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं व स्टाफ संबंधी जानकारी देना जरूरी है। साथ ही स्कूल की परिवहन, हॉस्टल, खाना व बोर्डिंग, खाना व शैक्षणिक भ्रमण सहित सभी प्रबंधों की जानकारी देनी होती है। जानकारी शिक्षा निदेशालय के पास सुरक्षित रहती है।

## कैंटर ने बाइक सवार युवक को कुचला, बहनों का इकलौता भाई था

- फैक्ट्री में ड्यूटी करने के बाद अपने घर मुजफ्फरनगर जा रहा था आशीष
- मुरथल के पास जीटी रोड पर कैंटर ने पीछे से टक्कर मारी

**सोनीपत।** मुरथल के पास जीटी रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर निवासी 34 वर्षीय आशीष दीक्षित के रूप में हुई है, जो अपनी दो बहनों के इकलौते भाई थे। इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष दीक्षित गांव बाघडू स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में काम करते थे। वीरवार शाम वह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक पर सवार होकर अपने घर मुजफ्फरनगर के लिए निकले थे। जब वह मुरथल के पास जीटी रोड स्थित हनुमान मंदिर के नजदीक पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशीष संतुलन खो बैठे और सड़क पर गिर गए। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस संबंध में मृतक के पिता सुभाष चंद की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तीन साल की मासूम का अपहरण, दिल्ली से सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

■ आरोपी बिहार ले जाने की फिराक में था, पुलिस ने कुछ घंटों में ही दबोचा

थाना शहर गोहाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण की एक वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने मात्र कुछ घंटों के भीतर 3 वर्षीय अपहृत बच्ची को सकुशल बरामद कर मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन, पुलिस उपायुक्त गोहाना जितेन्द्र गहलावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव के कुशल नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव ने बताया कि गांव गोहाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री का उसके एक रिश्तेदार ने अपहरण कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल विभिन्न टीमों का गठन कर तकनीकी एवं मानवीय संसाधनों के माध्यम से गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि उक्त अपहरण की वारदात को बिहार राज्य के जिला मुजफ्फरपुर के फूलवरिया निवासी अवध साहनी के पुत्र शशि द्वारा अंजाम दिया गया है। आरोपित बच्ची को बिहार ले जाने की फिराक में था, किन्तु पुलिस की सतर्कता एवं तत्परता के चलते उसकी योजना विफल कर दी गई। गोहाना स्थित कोर्ट कॉम्प्लेक्स चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक दिनेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मयूर विहार क्षेत्र से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

## राठधना रोड पर अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**सोनीपत।** राठधना रोड पर मैप्सको सिटी के पास नगर निगम की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को जमींदोज किया। यह कार्रवाई शुक्रवार को नगर निगम के भवन निरीक्षक आनंद किशोर की देखरेख में की गई। यहां पर 1000 वर्ग गज जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान 40 निर्माण धवस्त किए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोबारा से निर्माण करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

गोहाना के लोगों को मिल सकती है बड़ी सौगात

# डीआरएम ने स्टेशन व लाइनों का निरीक्षण किया, नई रेलगाड़ियां चलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शुक्रवार को गोहाना रेलवे स्टेशन के साथ रेलवे लाइनों का भी निरीक्षण किया। डीआरएम ने कहा कि गोहाना रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है और दो एसपीआर व ड्यूटी लाइनों को जोड़ता है। यहां पर नई ट्रेनें चलाने की पूरी संभावना है। लाइनों की सुरक्षा को लेकर भी जांच की जा रही है।

डीआरएम ने रेलवे ट्रैक की गुणवत्ता, सिग्नलों सिस्टम और रेलवे संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए। डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी शुक्रवार को यान कोच से सोनीपत से गोहाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सोनीपत से गोहाना तक रेलवे ट्रैक, सिग्नल सिस्टमों और अन्य पहलुओं को लेकर जांच की। डीआरएम गोहाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। गोहाना रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प और पुनर्विकास किया जा रहा है।



गोहाना। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी।

### इन सुविधाओं का किया निरीक्षण

उन्होंने नए भवन में सामने की तरफ अतिरिक्त दरवाजा लगाने की सलाह दी, जिससे बाहर से आने लोग बिना किसी काम के रेलवे स्टेशन पर इधर-उधर न जा सकें। प्रतीक्षालय, टिकट बुकिंग काउंटर, शौचालयों, दिव्यांगों के लिए सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था, फुटओवरब्रिज, टिन शेड, लिफ्ट व अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। अप्रैल तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, जिस पर उन्होंने कहा कि काफी काम पूरा हो चुका है। स्टेशन की नई इमारत को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप नया रूप दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को दैनिक रेल यात्रियों की संख्या पर भी फीडबैक लिया।

## नगर निगम के सस्पेंड सचिव राजेंद्र बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- अधिकारी के खिलाफ चल रही विभागीय जांच जारी रहेगी
- राजेंद्र निगम में जोनल टैक्सेशन ऑफिसर के पद पर तैनात किया

नगर निगम में सस्पेंड किए गए सचिव राजेंद्र कुमार की सेवा बहाल कर दी गई है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 27 मार्च शुक्रवार को जारी आदेश में उन्हें तत्काल प्रभाव से पुनः सेवा में लेते हुए नगर निगम में जोनल टैक्सेशन ऑफिसर के रिक्त पद पर तैनात किया है। हालांकि राजेंद्र कुमार के खिलाफ लंबित विभागीय जांच अभी जारी रहेगी।

### ये था मामला

नगर निगम कार्यालय में तैनात सचिव राजेंद्र कुमार जोनल टैक्सेशन ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे। 31 दिसंबर 2025 को विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत उन्हें निलंबित किया गया था। अब नए आदेश के अनुसार उन्हें तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया गया है। सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया कि यह बहाली उनके खिलाफ चल रही विभागीय जांच के अंतिम निर्णय को प्रभावित किए बिना की गई है। यानि जांच प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगी, उसके निष्कर्ष के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अनियमितताओं का आरोप

वहीं राजेंद्र कुमार की वापसी के बाद निगम के लंबित टैक्सेशन कार्यों के जल्द पूरा होने की आशा की जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि सस्पेंड के दौरान उनके खिलाफ कुछ प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच चल रही थी, जो फिलहाल लंबित हैं।

## पिपली खेड़ा में डेयरी में घुसकर युवक पर हमला

**गन्नौर।** पिपली खेड़ा में डेयरी पर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद कई नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पिपली खेड़ा निवासी मनजीत मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 मार्च की रात वह अपनी डेयरी पर मौजूद था। इसी दौरान रात करीब एक बजे सात युवक हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने उस पर पिस्तौल, चाकू और फरसे से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके पेट, सिर और पैरों पर वार किए और उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गए। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायल अवस्था में उसे सामान्य अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अस्पताल से सूचना के बाद पहुंचे और पीड़ित के बयान दर्ज किए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।



## इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।

लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।



हॉलीवुड मसाला



## स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




## 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



## खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



## शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला



## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

### ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।



## मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी



**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

## इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

## ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे ध्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

### प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़



### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।

### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय :** विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर:** रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन:** ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर:** जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## खबर संक्षेप

### हमेशा अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्री राम : दांगी

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित आर्य समाज मंदिर में शुक्रवार को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव (रामनवमी)पर वैदिक यज्ञ किया गया। यह में नागरिकों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर भगवान श्री राम को याद किया। मुख्य आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श, उनकी पितृ भक्ति, त्याग, सत्य, समानता और कर्तव्य परायणता जैसे आदर्श युगों-युगों तक मानव जाति के लिए अनुकरणीय रहेंगे। भगवान श्री राम ने आदर्श मानव व शासक के रूप में समाज को नई राह दिखाई। लोग आज भी रामराज्य को याद करते हैं।

### निर्मोही अखाड़ा मठ खांडा में मनाया श्री राम जन्मोत्सव

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव खांडा स्थित श्री राम लला मंदिर में उदय तिथि के अनुसार 27 मार्च को भगवान श्री राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ अनुष्ठान और आरती के उपरांत भंडारा लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। खांडा और आसपास के गांव से हजारों लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना करके भजन कीर्तन का आनंद उठाया। निर्मोही अखाड़े के संतों ने मंदिर के विस्तार की योजना पर चर्चा की।

### बीपीएल विद्यार्थियों को मिलेगी यूनिफार्म-जूते

**गन्नौर।** संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के अनुसूचित जाति के बीपीएल श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए सहयोग पहल शुरू की गई है। समिति द्वारा कक्षा पांचवीं से एमए तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 14 अप्रैल को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर यूनिफार्म और जूता वितरण कर सम्मानित किया जाएगा। समिति के महासचिव अजय सबरवाल ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है।

### गोहाना को जिले का दर्जा दे सैनी सरकार : जगबीर

**गोहाना।** पूर्व मंत्री जगबीर मलिक ने कहा कि राज्य सरकार गोहाना को पुलिस जिला नहीं बल्कि पूर्ण जिला बनाए। भाजपा ने 2014 के विधानसभा चुनाव में अपने घोषणा पत्र और बाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी गोहाना को जिला बनाने का वादा किया था। 29 मार्च को रैली में मुख्यमंत्री से गोहाना में आइएमटी स्थापित करने के साथ नेशनल स्तर कोई शैक्षणिक संस्थान लाने की मांग उठाई। मलिक अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस राज के समय लाठ-जौली में रेल कोच फैक्ट्री मंजूर की गई थी।

### कलेक्टर रेट बढ़ाने के लिए सौंपा मांगपत्र

**खरखौदा।** गांव गोपालपुर की जमीन के कलेक्टर रेट बढ़वाने के लिए सरपंच विनोद दहिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है। सरपंच विनोद दहिया ने बताया कि गांव में मौजूदा कलेक्टर रेट मेन रोड पर लगती जमीन का कलेक्टर 2 करोड़ 20 लाख व मेन रोड से अंदर की जो जमीन है उसका कलेक्टर रेट 1 करोड़ 17 लाख है। जबकि बाजारी भाव कलेक्टर रेट से बहुत अधिक है। इसलिए ग्रामीणों ने गांव में कलेक्टर रेट बढ़ाने के लिए जिसमें मेन रोड की जो जमीन है उसका 4 करोड़ 50 लाख रुपये प्रति एकड़ व अंदर की जमीन का कलेक्टर रेट 3 करोड़ 50 लाख रुपये की प्रति एकड़ की जाने की मांग की है।

### जीवन यापन करना हर प्राणी का नैतिक कर्तव्य

**सोनीपत।** माता के नवरात्रों के उपलक्ष्य में फिम्स अस्पताल ने नवमी पर, सोनाराम चैरीटेबल ट्रस्ट के सानिध्य में जनसेवा भंण्डारे का आयोजन किया। चेयरमैन आरपी जैन ने अवसर पर भंडारा वितरण में अस्पताल के अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहकर स्वयं प्रसाद वितरण किया। इससे पूर्व फिम्स के सीजीएलओ विंग कमांडर अर्जुन सिंह (से.नि.) ने अन्य सहित पूजा-गृह में अष्टमी व कन्या पूजन में भी भाग लिया।

## शुक्रवार को मनाया नौवां नवरात्र, पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा-अर्चना व कंजक पूजन के साथ नवरात्र उत्सव संपन्न

श्रद्धालुओं ने मंदिरों व घरों में मां दुर्गा की पूजा के बाद कंजक पूजन कर खोला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

चैत्र नवरात्र उत्सव की नवमी तिथि पर मां दुर्गा के नौवें मां सिद्धिदात्री स्वरूप व कंजक पूजन के साथ शुक्रवार को व्रत का अनुष्ठान पूर्ण कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने मंदिरों व घरों में विधिविधान से पूजा-अर्चना कर नवरात्र संपन्न किए। मां के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर व्रत खोला। वहीं शहर की कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से रामनवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिटाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ, चिटाना स्थित चिटाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ, कामी रोड स्थित सिद्धपीठ प्राचीन श्री चंडी मां महाकाली मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, सेक्टर-14 के माता चिंतपूर्णी मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों के साथ कई घरों में चल रहे अनुष्ठान संपन्न हुए। कई मंदिरों में भजन कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर खुशहाली व उन्नति की कामना की गई।



सोनीपत। धोबीवाड़ा में अपने घर पर कन्या पूजन करते पंडित अमित शौनक। फोटो : हरिभूमि

> जिले भर के मंदिरों में भजन कीर्तन कर माता रानी का किया गुणगान

> श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर खुशहाली और सबकी उन्नति की कामना की

### कन्या पूजन बिना व्रत अधूराः शौनक

पंडित अमित शौनक ने बताया कि चैत्र नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। देवी भागवत पुराण के अनुसार नवरात्र के अंत में कंजक पूजन का महत्व है। इसके बिना नवरात्र व्रत अधूरा माना जाता है, इसलिए नौ कन्याओं का कंजक पूजन कर व्रत खोला जाता है। उनके पैर धोकर आशीर्वाद लेकर दक्षिणा व उपहार देकर विदा किया जाता है। ऐसा करने से परिवार में सुख, समृद्धि व खुशहाली बनी रहती है। श्रद्धालुओं के सभी कार्य सिद्ध होते हैं। शहरभर में कई जगह रामजन्म उत्सव के रूप में रामनवमी का पर्व मनाया गया।



### विशेष आरती व अनुष्ठान कर किया कन्या पूजन

नवमी पर कामी रोड स्थित श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर विशेष आरती व अनुष्ठान किए गए। मंदिर प्रबंधन समिति ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पूजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति के प्रधान सेवक देवेंद्र कुच्छल, प्रवीण कुच्छल, नरेश शर्मा, अशोक गर्ग, प्रमोद गुप्ता, सचिन कुच्छल, अंकुश दीपक गुप्ता, शुभम गोयल, मनोज गर्ग, पवन जिंदल, नरेंद्र राठौड़, प्रमोद गोयल मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव आज से प्रारंभ

बड़ा हलवाई हट्टा स्थित श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर में 28 मार्च से 6 दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। मंदिर में 1 अप्रैल तक चलने वाले वार्षिक उत्सव में प्रतिदिन सांय 5 बजे से वृंदावन से कलाकार सौरभ द्विवेदी के निर्देशन में श्री कृष्ण लीला का मंचन करेंगे। मंदिर के प्रेस प्रवक्ता गजेंद्र मंगला ने बताया कि श्रद्धालु श्री कृष्ण लीला का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से भी देख सकेंगे। मंदिर के प्रधान अमित कुच्छल, महासचिव राजकुमार गोयल ने बताया कि प्रतिदिन श्री कृष्ण लीला उपरांत प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। लीला संपन्न होने पर 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री सुंदरकांड यज्ञ कर भंडारा लगाया जाएगा।

### दुर्गा मां के दर्शनों के लिए लगी रही लोगों की भीड़

**गन्नौर।** जीटी रोड पर बड़ी गांव के निकट स्थित श्री महाकाली माता मंदिर में नवमी के अवसर पर दुर्गा मां के दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। नवमी के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। महंत मंशापुरी महाराज ने भंडारे की शुरूआत में कन्या पूजन कर की। आस-पास के गांव की कन्याओं व छात्राओं को भंडारे के प्रसाद ग्रहण करवाया। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे संत समाज ने भी प्रसाद ग्रहण किया। वहीं लोगों ने भी माता के जयकारों के साथ पंगत लगाकर जमीन पर बैठ कर आपसी भाईचारा दिखाते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर में पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन करते हुए मां दुर्गा का गुणगाण किया।



# कर्मियों ने बकाया वेतन 6 प्रतिशत ब्याज सहित देने की मांग उठाई

- 20 मई को बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेंगे बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को बरोदा रोड स्थित सिटी सब डिवीजन कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता यूनिट सचिव सोहन शर्मा व संचालन सब यूनिट सचिव जितेंद्र शर्मा ने किया। यूनियन की राज्य कमेटी के सदस्य व सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि बिजली निगम में करीब 16000 कर्मचारी कच्चे हैं जिनको कार्य करते 15 साल से ऊपर हो गए हैं। उच्च न्यायालय का फैसला है कि जिन कर्मचारियों को काम करते हुए 10 साल हो गए हैं उनको बिना शर्त के पक्का किया जाए और उनका बकाया वेतन 6 प्रतिशत ब्याज सहित कर्मचारियों को दिया जाए लेकिन सरकार इन कर्मचारियों को जबरदस्ती कौशल रोजगार निगम में धकेलने का कार्य कर रही है। बार-बार पोर्टल की डेट बढ़ाई जा रही है।





गोहाना। गेट मीटिंग करके प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### एक से सांकेतिक धरना शुरू करने का फैसला

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विवि कर्मचारी यूनियन ने प्रशासन पर मांगें पूरी न करने का आरोप लगाते आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन पर एक माह के लिए धरना स्थगित किया गया था, जिसकी समय सीमा 24 मार्च को समाप्त हो गई, लेकिन अब तक कोई मांग पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 से देय वार्षिक वेतन वृद्धि भी कर्मचारियों को नहीं दी गई है, जिसे लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन की कार्यकारिणी बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 31 मार्च तक मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 1 अप्रैल से सांकेतिक धरना शुरू किया जाएगा।

# प्री-प्राइमरी ग्रेजुएशन सेरेमनी में नन्हे बच्चों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा की चमक

- चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा गन्नौर में प्री-प्राइमरी वर्ग के नन्हे विद्यार्थियों ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और व्यक्तित्व विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे संस्कारयुक्त वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की विशेष प्रशंसा की। नन्हे बच्चों ने स्वागत नृत्य, कविताएँ, संवाद और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित दादा-दादी एवं नाना-नानी ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों और विद्यालय के प्रयासों की भरपूर सराहना की।





गन्नौर। स्कूल निदेशक अजय यादव स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए।



गोहाना। शिक्षकों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### भगवान श्री राम को किया नमन

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शुक्रवार को रामनवमी पर्व मनाया गया। समारोह में गुरु और शिष्यों ने भगवान श्री राम को याद करते उनकी पूजा-अर्चना की गई। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। समारोह में अखिल भारतीय सेवा शिक्षा संयोजक रामस्वरूप शर्मा और प्रांत सेवा शिक्षा सह प्रमुख बलजीत ने प्रेरणादायी उद्बोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। गुरु और शिष्यों को भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति एवं परंपराओं का गुणगान करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने राम जन्मोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रामनवमी पर्व को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने वंदना ,गीत, भजन एवं संस्कार केंद्रों में ढिए जाने वाले गीतों के माध्यम से विविध गतिविधियां संचालित करने हेतु प्रेरित किया।

# ईदगाह कॉलोनी में लगाया वन-डे हेल्थ चेक-अप कैंप, 136 का स्वास्थ्य जांचा

- कॉलेज दो वर्षों से टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर कार्य कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विश्व टीबी सप्ताह (22 मार्च से 28 मार्च) के अवसर पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत के यूथ रेड क्रॉस सेल (वाईआरसी) एवं रेड रिबन क्लब (आरआरसी) द्वारा सिविल हॉस्पिटल, सोनीपत के सहयोग से ईदगाह कॉलोनी में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी और कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने बतौर मुख्यातिथि शिविर का शुभारंभ करते हुए बताया कि जीवीएम गर्ल्स कॉलेज पिछले दो वर्षों से टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा अब तक लगभग 100 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है। वाईआरसी-आरआरसी काउंसलर डा. पूजा गुलाटी, वंदना सचदेवा, कविता सैनी, जिला टीबी अधिकारी डॉ. तरुण यादव, डॉ. एनके मित्तल एवं डॉ. निशांत का विशेष योगदान रहा।





सोनीपत। शिविर के दौरान चिकित्सकों के साथ प्राचार्या एवं अन्य स्टाफ।

### ब्राइट स्कॉलर में अभिभावक ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को अभिभावक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। इसका उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल के विजन, उद्देश्य और अपेक्षाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा गाए गए एक जोशीले स्वागत गीत से हुई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. किरण दलाल, हेडमिस्ट्रेस स्वाति बालियान और एकेडमिक कोऑर्डिनेटर संयोगिता शर्मा ने संबोधित किया। स्कूल के बारे में जानकारी दी। कोऑर्डिनेटर्स ने भी अपना परिचय दिया और छात्रों की शैक्षणिक व पाठ्येतर गतिविधियों में सहयोग देने में अपनी भूमिकाओं के बारे में बताया।

### पोता-पोती के आगमन की खुशी में लगाया भंडारा

**सोनीपत।** शुक्रवार सुबह निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने परिवार सहित काली माता के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। घर में पोता यशवर्धन और पोती वेरोनिका के जन्म के बाद पहले नवरात्रि के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजीव सरोहा की माता रामरती, पत्नी रेखा, बेटे हिमांशु, दीपांशु व प्रिंस सरोहा, पुत्रवधु उर्वशी, कीर्ति व शीतल और बेटी राशि सहित परिवार के सभी सदस्यों ने माता रानी का आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रधान देवेन्द्र और पुजारी हनुमान की देखरेख में विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई। इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में मेयर सरोहा और प्रिंस सरोहा ने सपरिवार उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की।

### शिव मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतिष्ठत

**गोहाना।** कैहल्पा स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतिष्ठित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में 101 महिलाओं ने कलश के साथ गांव में यात्रा निकाली। शिवि मंदिर में मां शेरावाली, संकटमोचन हनुमान, श्याम खाटु और शनिदेव की मूर्तियां प्रतिष्ठित की गई। हवन करके मूर्तियों में प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मुख्य अतिथि आजाद नरवाल थे। कार्यक्रम में 21 कन्याओं को भोजन करवाया गया और गांव में पूजनीय स्थलों पर भी प्रसाद चढ़ाया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. कपूर सिंह नरवाल, जिला पार्षद तकदीर नरवाल, पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक, एएसडीओ गोहाना डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा और कृष्ण आनंद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी दुष्यंत शास्त्री ने की।

### नौ छात्राओं ने विवि स्तर पर हासिल किया स्थान

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय की एमए अंग्रेजी और बीए अंग्रेजी आनर्स की कुल नौ छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। एमए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की छात्रा रितिका ने तीसरा स्थान, संजना ने सातवां तथा अमीषा ने अठारहवां स्थान प्राप्त किया। वहीं बीए अंग्रेजी आनर्स तृतीय वर्ष की जौली ने दूसरा, स्नेहा ने चौथा, नीतू ने पांचवां, गरिमा ने पंद्रहवां और राधिका ने सत्रहवां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर टीकाराम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दहिया और प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी ।

### भगवान राम का जीवन आदर्श आचरण का प्रतीक

**गन्नौर।** ऋषि चैतन्य आश्रम में श्री रामनवमी एवं परम पूज्या आनंदमूर्ति गुरुमां के सन्यास दिवस का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना और श्री राम, जय राम, जय जय राम के संकीर्तन से हुई। इस अवसर पर आनंदमूर्ति गुरुमां ने अपने प्रवचन में नवमी तिथि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते श्री राम के जीवन को मर्यादा, ज्ञान और आदर्श आचरण का प्रतीक बताया। देवर्षि नारद के प्रसंग के माध्यम से समझाया कि मन ही साधना में सबसे बड़ी बाधा बनता है और अहंकार पतन का कारण बनता है। गुरुमां ने कहा कि भगवान श्री राम का अवतार मानव समाज को आदर्श जीवन का मार्ग दिखाने के लिए हुआ।

## गेटवे कॉलेज में 'युगांतर ई-स्पोर्ट्स 2026' का सफल आयोजन

# 150 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाया खेल कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गेटवे कॉलेज में 'युगांतर ई-स्पोर्ट्स 2026' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और टीम भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और रणनीतिक सोच दिखाने का मंच देना रहा। कार्यक्रम में टेक्केन, फ्री फायर और बैटलग्राउंड मोबाइल इंडिया जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। टेक्केन में दिव्यांशु ने पहला स्थान प्राप्त किया। फ्री फायर में ईगल ई-स्पोर्ट्स विजेता रही, जबकि बैटलग्राउंड मोबाइल इंडिया में ईटीजी टीम प्रथम स्थान पर रही। कॉलेज निदेशक डॉ. अमिक गर्ग और डीन अजय कुमार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताया। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।





सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी पुरस्कृत

**गोहाना।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में शुक्रवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र (2025-2026)के अंतर्गत वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल अध्यक्ष उमा जाले थीं। मार्गदर्शन एमडी पंकज जाले का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्य जतिन आनंद का रहा। वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम में सीडलिंग कक्षा में हर्षवर्धन ने प्रथम, रिधिका ने द्वितीय और परी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### भूमि अधिग्रहण में बड़ा खेल खेला गया : जयहिंद

**सोनीपत।** सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने जहां असावरपुर में जमीन को कौड़ियों के दाम (लगभग 12.5 लाख रुपये प्रति एकड़) पर अधिग्रहित किया था, वहीं अब मौजूदा सरकार इसे 40,000-45,000 रुपये प्रति गज के हिसाब से बेच रही है। इससे जहां कांग्रेस के पूर्व सीएम डीलर रहे, वहीं अब मुख्यमंत्री बिल्डर बन गए। गरीब किसान अपने कामधंधे में लगे हुए हैं। सरकार इन्हें क्यों परेशान कर रही है।

### आम्रपाली एक्सप्रेस में मृत मिली बुजुर्ग महिला

**सोनीपत।** बिहार के खगड़िया से दिल्ली के लिए ट्रेन संख्या 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस के कोच नंबर एच-7 में सवार एक बुजुर्ग महिला की शुक्रवार को सफर के दौरान मौत हो गई। टीटीई की जांच के बाद महिला के मृत होने का खुलासा हुआ। ट्रेन के लोकोपायलट ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी ट्रेन के सोनीपत पहुंचने पर कोच नंबर 7 में पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवाया।

### सिलेंडर को लेकर छापों पर रोक लगाने की मांग

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि छोटे ढाबों एवं मिठाई की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग को लेकर जो लगातार छापेमारी की जा रही है, वह पूरी तरह से अनुचित और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां छोटे व्यापारियों को समय पर कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन पर कार्रवाई कर उनकी आजीविका पर संकट खड़ा किया जा रहा है।

### देवीलाल कॉलोनी में पानी व सीवर समस्या को लेकर ज्ञापन

**सोनीपत।** देवीलाल कॉलोनी के निवासियों ने पीने के पानी की कमी और सीवर लाइन की समस्या को लेकर नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। लोग बोले, गर्मी में पेयजल की किल्लत हो जाती है, जबकि बारिश के दौरान पानी निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं है। पानी जमा रहने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है और मच्छरों के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## सभी मेडिकल स्टोर पर लगे हों सीसीटीवी कैमरे, वरना होगी कार्रवाई

# नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ मजबूती से करें पैरवी

- उपायुक्त नेहा सिंह ने लघु सचिवालय में आयोजित एनकोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त नेहा सिंह ने नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में ठोस साक्ष्यों के आधार पर मजबूती से पैरवी की जाए, ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए, प्रशासन, पुलिस और आमजन सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने तथा प्रत्येक मामले की गंभीरता से जांच कर शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित एनकोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्थित मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाइयों की बिक्री पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगा होना चाहिए अन्यथा स्टोर संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम नशे में उपयोग होने वाली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण।

### नशामुक्ति केंद्रों की निगरानी बढ़ाने के दिए निर्देश

उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में स्थित केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, उपचार व्यवस्था, चिकित्सकीय देखरेख तथा पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता की निरंतर जांच करना सुनिश्चित करें, ताकि नशे से ग्रस्त व्यक्तियों को बेहतर उपचार और सुरक्षित वातावरण मिल सके। बैठक के दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने चिन्हित अपराधों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित मामलों की मजबूती से पैरवी सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी नरेंद्र सिंह, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, जिला कारागार से उप-अधीक्षक दीपक हुड्डा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईवे के साथ 7 एकड़ में बनेगा भव्य त्यागी भवन, हवन के साथ बाउंड्रीवॉल निर्माण शुरू

- 36 बिरादरी के लिए बनेगा सामुदायिक केंद्र, जल्द सीएम सैनी रखेंगे नींव : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अपोलो स्कूल के साथ लगती बड़ी गांव की करीब 7 एकड़ जमीन पर भव्य त्यागी भवन का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट द्वारा भवन की बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन हवन-यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्यागी समाज के अध्यक्ष पुनीत त्यागी राई ने की, जबकि गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। हवन-यज्ञ में सरपंच नीरज देवी, प्रतिनिधि अरूण त्यागी सहित अन्य अतिथियों और ग्रामीणों ने आहुति डालकर निर्माण कार्य की शुरुआत की। विधायक कादियान ने कहा कि फिलहाल ग्राम पंचायत द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा, जबकि भवन की नींव जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों रखी जाएगी। उन्होंने संकेत दिए कि अप्रैल माह में घसौली गांव में प्रस्तावित रैली के दौरान मुख्यमंत्री का आगमन संभव है। कादियान ने कहा कि बनने वाला यह भवन बड़ी गांव की 36 बिरादरी की साझा धरोहर होगा, जिसका उपयोग आसपास के गांवों के लोग भी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कर सकेंगे।


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान व त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुनीत राई समाज के लोगों के साथ नींव रखते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नपाअध्यक्ष अरुण त्यागी, सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी, पूर्व सरपंच सुरेश त्यागी, बार प्रधान गौरव त्यागी, संदीप त्यागी गुरुग्राम, बिसबंधु सरपंच, अंकित त्यागी पार्षद, प्रमोद त्यागी, सुरेंद्र त्यागी, अनिल त्यागी, सियानंद त्यागी, सुशील सरपंच, महेश सरपंच, अरविंद त्यागी, आशु त्यागी, विकास त्यागी, ओपी त्यागी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कादियान ने कहा, मुझे चंडीगढ़ भेजने में त्यागी समाज का अहम योगदान है।

## विजय आत्महत्या मामले में पंचायत, दोषियों पर कार्रवाई की मांग तेज

- 31 मार्च तक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

*सोनीपत। बड़वासनी गांव में युवक विजय की आत्महत्या के मामले में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में गांव में पंचायत आयोजित कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। पंचायत में निर्णय लिया गया कि ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल कल सदर थाना एसएचओ से मिलकर मामले में कार्रवाई की मांग करेगा। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि विजय को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई होती तो घटना टाली जा सकती थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती, संघर्ष जारी रहेगा। पंचायत में शेर सिंह, आनंद, ओमप्रकाश, वजीर, रणवीर, नानूराम, राजू, सोनू, सतवीर, भीम सिंह, राहुल, प्रवीण, राकेश, बलजीत, धर्मपाल, राजेश, रामपाल, बलराज, सुरजीत, करण सिंह, रामदिया, पवन, पप्पू, मनोहर, कृष्ण आदि मौजूद रहे।*


सोनीपत। पंचायत के दौरान मौजूद ग्रामीण।

## आरपीएफ ने ट्रेनों पर पथराव रोकने के लिए किया जागरूक

**सोनीपत।** रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने दिल्ली-अंबाला रूट पर सोनीपत क्षेत्र में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी, रेल लाइन पर अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को ऑपरेशन दोस्ती के तहत जागरूकता अभियान चलाया। अभियान को लेकर आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संगम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। उप निरीक्षक शहाबुद्दीन, धर्मेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक नेक मोहम्मद, सुमनलता ने आरपीएफ कर्मियों के साथ रेल लाइन के साथ लगती कॉलोनियों, कामी, भुर्री व सांदल कलां स्टेशन पर लोगों को जागरूक किया। सोनीपत क्षेत्र में वंदे भारत एक्सप्रेस व अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों पर राठधना-सोनीपत स्टेशन के बीच पत्थरबाजी करने वालों पर कानूनी



कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस वर्ष 21 जनवरी को शनि मंदिर के पास नई दिल्ली से माता वैष्णो देवी कटरा जा रही ट्रेन संख्या 22477 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थरबाजी का मामला सामने आ चुका है। अभियान के दौरान सहायक उप निरीक्षक नेक मोहम्मद, सुमनलता, कांस्टेबल नरेश कुमार ने लोगों को ट्रेनों पर पत्थरबाजी न करने के प्रति जागरूक किया।


गोहाना। डॉ अनु जांगड़ा को सम्मानित करते महिला कुलपति प्रो. सुदेश।

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में डॉ. अनु का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की स्नातकोत्तर की छात्रा शोधकर्ता डॉ. अनु जांगड़ा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवि का नाम रोशन किया है। अनु ने लक्ष्मी बाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में अपने शोध-पत्र का सफल प्रस्तुतीकरण किया और सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विश्व भर से 35 वर्ष से कम आयु के शोधकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। डॉ. अनु जांगड़ा ने योग के माध्यम से तनाव, मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य की प्राप्ति विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया, जिसे काफी सराहना मिली। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने डॉ. अनु और उनके गाइड डॉ. नरेश भार्गव की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां न केवल संस्थान बल्कि पूरे राज्य और देश का गौरव बढ़ाती हैं।

## इंजीनियरिंग छात्रों ने एआरबी बेयरिंग में सीखी विनिर्माण की बारीकियां

- छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ ही वैश्विक उद्योग के लिए तैयार करना हमारा लक्ष्य : दिलबाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को नाथूपुर स्थित एक बेयरिंग कंपनी में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। सहायक प्रोफेसर परमजीत और दीपक के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उच्च परिशुद्धता विनिर्माण की जटिल प्रक्रियाओं को करीब से समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देखा कि कैसे उन्नत सीएनसी (कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल) मशीनों के जरिए कच्चे माल को फिनिश्ड बेयरिंग में बदला जाता है। कंपनी की मानव संसाधन अधिकारी दीपांशी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें गुणवत्ता, उत्पादन और रखरखाव विभागों के प्रमुखों से रूबरू कराया। विद्यार्थियों ने न केवल मशीनों का संचालन देखा, बल्कि कार्यस्थल के नैतिक मूल्यों और कॉर्पोरेट संस्कृति को भी समझा, जो पेशेवर प्लेसमेंट के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दौरे के अंत में एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग उद्योग की बदलती मांगों और भविष्य में प्लेसमेंट की संभावनाओं पर विशेषज्ञों से सीधे सवाल किए।


सोनीपत। औद्योगिक भ्रमण के दौरान अधिकारियों के साथ मौजूद साउथ पॉइंट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थी।


सोनीपत। निरीक्षण के दौरान मौजूद कांग्रेस नेता जितेंद्र बघेल साथ में अन्य।

### जितेंद्र बघेल ने किया ईवीएम का निरीक्षण

**सोनीपत।** नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। हरियाणा कांग्रेस के सह-प्रभारी एवं एआईसीसी सचिव जितेन्द्र बघेल ने शुक्रवार को बाबा धाम स्थित सामुदायिक केंद्र का औचक निरीक्षण किया। नगर निगम चुनावों के लिए प्रयोग की जाने वाली ईवीएम मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया चल रही थी। निरीक्षण के दौरान बघेल ने संबंधित चुनाव अधिकारियों से विस्तृत वार्ता की और प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुनिश्चित करने के लिए कहा कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों, ताकि लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे। निरीक्षण के बाद कार्यकर्ताओं को जितेन्द्र बघेल ने जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ लड़ेगी। आज कांग्रेस पार्टी धरातल पर अपना संगठन तैयार कर रही है। हम हर वार्ड में रणनीति बनाकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। सोनीपत की जनता नगर निगम में कांग्रेस का मेयर और सभी वार्डों में कांग्रेस के पार्षद चुनकर भेजने का मन बना चुकी है।

### गोहाना की सूरत बदलेगी विकास रैली : डॉ. अरविंद

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में आयोजित होने वाली धन्यवाद एवं विकास रैली गोहाना में विकास की नई इबारत लिखेगी। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे, जिससे इलाके की सूरत बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को सौंपी गए मांगपत्र पर प्रशासन द्वारा फिजिबलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है, ताकि सुनियोजित विकास की राह सुनिश्चित हो सके। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा शुक्रवार को पत्रकारों से मुखातिब हुए। मंत्री ने कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 11 बजे नई सब्जी मंडी में गोहाना विधानसभा धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की जनता से सुझाव लेकर अपना बजट तैयार किया था, उसी प्रकार हमने गोहाना इलाके की जनता से सुझाव लेकर मांगपत्र तैयार किया है, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा जा चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

## एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो नगर निगम का होगा घेराव : कमल

- सफाई कर्मियों का कांग्रेस ने किया समर्थन, जल्द हो मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम के ठेका सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों और उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच और मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ का संघर्ष जारी है। शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को कांग्रेस पार्टी का समर्थन मिला।

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया और हरियाणा कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष मनोज बागड़ी ने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर सफाई कर्मियों की जायज मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगर निगम का घेराव करेगी।

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने वाले इन कर्मवीरों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


सोनीपत। नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान साथ में कांग्रेस पदाधिकारी एवं अन्य।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय स्टाफ एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### माउंट ओलंपस स्कूल में अभिभावक परिचय सत्र का आयोजन

**सोनीपत।** माउंट ओलंपस स्कूल में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर अभिभावक परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल की कार्यप्रणाली, नीतियों और बच्चों के विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों के विकास में स्कूल और अभिभावकों की समान भूमिका होती है। इस दौरान सीईओ मोनिका खन्ना और प्राचार्या डॉ. मोना सिंह ने अभिभावकों का स्वागत किया और स्कूल की विशेषताओं के बारे में बताया। अंत में अभिभावक-शिक्षक संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें सवालों के जवाब दिए गए। चेयरमैन अर्जुन सैनी ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### रिजॉर्ट में हुई डांडिया नाइट, डॉ. शिवानी बंसल रही मुख्य अतिथि

**सोनीपत।** मुरथल रोड स्थित एक रिजॉर्ट में ग्रेट डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिकों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने भाग लिया। समाजसेवी अरुण बंसल कार्यक्रम की धर्मपत्नी डॉ. शिवानी बंसल ने इस आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ. शिवानी बंसल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता और उत्साह का संचार करते हैं तथा भारतीय परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डांडिया और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

### सफाई कर्मियों का धरना 11वें दिन समाप्त

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच यूनियन का धरना शुक्रवार को 11वें दिन समाप्त हो गया। दोपहर तक चले धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष विजय तोमर ने किया। यूनियन का कहना था कि 24 मई 2018 को हरियाणा सरकार के आदेश के बावजूद अब तक कर्मचारियों को निगम के रोल पर नहीं लिया गया। आज नगर निगम कमिश्नर हर्षित कुमार से यूनियन सचिव मंडल की बैठक हुई, जिसमें ईओ, अकाउंट ब्रांच, सीएसआई और एसआई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सहमति बनी कि 103 कर्मचारियों को जल्द निगम के रोल पर लिया जाएगा और सूची की प्रति यूनियन को दी जाएगी। हटाए गए कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लेने और अगस्त 2025 से फरवरी 2026 तक ईएसआई, पीएफ व वेलफेयर राशि खातों में जमा करने का आश्वासन दिया गया। धरने में सावन, रविंदर, मुकेश, माया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## रोड सेफ्टी एंड रोड सेफ्टी ऑडिट विषय पर हुई वर्कशाप

# इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से मिलेगा रोड सेफ्टी को बढ़ावा : डा.सौरभ जागलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ, कामी रोड में रोड सेफ्टी एंड रोड सेफ्टी ऑडिट विषय पर विशेष वर्कशाप का आयोजन किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दीनबंधु विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से डा.सौरभ जागलान ने बतौर मुख्य अतिथि पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप व रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### रोड सेफ्टी पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

डॉ. सौरभ जागलान ने रोड सेफ्टी एंड रोड सेफ्टी ऑडिट विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर डा.सौरभ जागलान ने इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाने पर विशेष जोर दिया। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने कहा कि सड़क सुरक्षा की खराब व्यवस्था विश्व भर में दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है।